## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा आयोजित

**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत जैविक खेती की प्रायोगिक परीक्षा संपन्न हुई। स्नातक स्तर के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों की लिखित एवं मौखिक परीक्षा प्राचार्य डॉक्टर सुधीर खरे के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी एवं बाह्य परीक्षक रामसुख दुबे ने परीक्षा संपन्न कराया।

### हड़ताल के बाद भी रोजमर्रा की आवश्यमताओं की सुगम अपूर्ति



**कटनी।** अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने बताया कि ड्राइवर की हड़ताल के बाद भी जिले में रोजमर्रा की आवश्यकताओं की आपूर्ति सुगमता से बनीं हुईं हैं। जिले के धान उपार्जन केन्द्रों से परिवहन का कार्य निरंतर जारी है। प्रकाश सर्विस सेंटर और हैप्पी फ्यूल में पेट्रोल, डीजल के दो टैंकर पहुंच गए हैं। जिला प्रशासन नागरिकों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए निरंतर प्रयासरत है।

### जिला पंचायत कटनी ए प्लस ग्रेड के साथ टॉप एक रैंक पर

**कटनी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी विभागीय संचालित योजनाओं की जिलेवार राज्य स्तरीय ग्रेडिंग में जिला पंचायत कटनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अग्रणी जिलों में शामिल होते हुए ए प्लस ग्रेड के साथ रैंक एक हासिल की है। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत द्वारा योजना वार प्रति दिवस की जा रही सतत मॉनिटरिंग एवं दिए गए निर्देशों के फलस्वरूप राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन,पंचायत सेक्टर ,सीएम हेल्पलाइन एवं जिला तथा जनपद पंचायत स्तर की ग्रेडिंग के आधार पर माह अक्टूबर की प्रगति के आधार पर जिला पंचायत कटनी ने शीर्ष पर रहकर नंबर एक की रैंकिंग की उपलब्धि अर्जित की। सीईओ ने विभागीय योजनाओं के संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने पर अधिकारी कर्मचारियों को शाबाशी देते हुए इसी प्रकार भविष्य में भी कार्य करने को कहा है।

### शिविर में बैगा समुदाय को किया लाभान्वित

**कटनी।** प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में बैगा समुदाय के लोगों को शत- प्रतिशत लाभ प्रदान करने हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत के निर्देशन में मंगलवार को जिला अंतर्गत विकासखंड ढीमरखेड़ा के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की 50 से अधिक जनसंख्या वाले ग्रामों में शिविर का आयोजन एवं अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर हितग्राहियों को योजनाओं से लाभ प्रदान करने हेतु आदेशित किया गया है। योजना के तहत ढीमरखेड़ा ग्राम मारसिहुड्डी एवं विकासखंड बड़वारा के ग्राम कनौर में शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम कनौर में हितग्राहियों के आधार बनाए गए एवं अपडेशन का कार्य किया गया तो वही ढीमरखेड़ा के ग्राम मारसिहुड्डी में 38 बैगा परिवार को योजनाओं का लाभ प्रदान करने हेतु विभागों द्वारा शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान सरपंच दीनू सिंह, सचिव विनोद बागड़ी, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक भावना साहू, सोनू पंथी, सी.एच.ओ रामेश्वर पंथी, कृषि विभाग रामकृष्ण लोधी एवं लक्ष्मी पटेल आदि की उपस्थिति रही।

## बड़वारा थाना के ग्राम कांटी का मामला, चाकू घोंपकर की थी हत्या

# युवक की हत्या के बाद भड़का आक्रोश ग्रामीणजनों ने किया चकाजाम प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम कांटी में गत रात्रि रामलीला मंचन के दौरान कुछ युवकों ने एक युवक की मारपीट करते हुए चाकू घोप कर हत्या कर दी थी। घटना के बाद गांव में मंगलवार को तनाव की स्थिति निर्मित है। हत्या से अक्रोशित स्थानीय ग्रामीणों ने चक्का जाम करते हुए विरोध प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन करने वाले लोगों का कहना था कि हत्याकांड में शामिल आरोपियों के घर बुलडोजर चलाए जाएं और उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही तत्काल की जाए।

मृतक के पिता ने बताया कि चार दिन पहले उनके बेटे का विवाद कुछ लोगों से हुआ था। विवाद के दौरान उनके बेटे को रामलीला का मंचन बंद करने के लिए कहा जा रहा था। जिसके लिए उसने इंकार कर दिया था। वे लोग मृतक से जय भीम का नारा लगाने की बात कह रहे थे। जब उसने मना किया तो आरोपी आक्रोशित हो गए और



उन्होंने घटना को अंजाम दिया।

बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम पड़वई का रहने वाला 30 वर्षीय राजेंद्र राठौड़ अपने पिता जगपति राठौर के साथ कांटी में चल रहे रामलीला के मंचन में शामिल होने के लिए गया था। इसी दौरान राजेंद्र जब माइक सेट करने के काम में जुटा हुआ था उसका विवाद वहां पर मौजूद किसी चौधरी युवक से हो गया। विवाद के कारण दूसरे पक्ष के चौधरी युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर राजेंद्र के ऊपर हमला कर दिया और मारपीट करते हुए चाकू से दनादन वार कर दिए। युवक की चीख पुकार सुन कार्यक्रम स्थल पर खलबली मच गई। चाकू से हमला करने के बाद आरोपी युवक वहां से भाग निकले। बताया जाता है कि जब घायल राजेंद्र राठौड़ को अस्पताल लाया गया तो वहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक राजेंद्र राठौड़ के पिता जगपति राठौर ने घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि चार दिन पहले चौधरी समाज के कुछ युवकों ने राजेंद्र को रामलीला का मंचन बंद करने के लिए कहा था। जब उसने रामलीला का मंचन बंद करने से मना किया तो उन्होंने जय श्री राम का नारा हटाकर जय भीम बोलने के लिए कहा। लेकिन राजेंद्र ने ऐसा करने से भी उन्हें मना कर दिया। इस बात को तीन चार दिन पहले लेकर विवाद भी हुआ था। 1 जनवरी की रात जब रामलीला का मंचन शुरू होने से पहले राजेंद्र कार्यक्रम स्थल पर तैयारी में जुटा हुआ था इसी दौरान वहां कमलेश अपने साथियों के साथ आया और राजेंद्र को एक तरफ ले जाकर उसने अपने साथी युवकों के साथ मिलकर राजेंद्र पर चाकू से वार कर दिया।

## कलेक्टर को भेंट की प्रतियोगी परीक्षाओं की 50 पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी छात्रावासों एवं कें.सी.एस कन्या विद्यालय परिसर में स्थित भारत निर्माण कोचिंग की लायब्रेरी विकसित करने के प्रयासों और कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद की नो बुके जस्ट ए बुक मुहिम को जनता का लगातार उल्लेखनीय प्रतिसाद मिल रहा है। बुद्धिजीवी वर्ग से लेकर युवा और विभिन्न संगठन आगे आकर छात्रावासों एवं भारत निर्माण कोचिंग में स्थापित लायब्रेरी के लिए प्रतियोगी परीक्षा पुस्तकें सहित ज्ञानवर्धक पुस्तकें और साहित्य कलेक्टर को भेंट कर रहे हैं।

मंगलवार को नायब तहसीलदार कटनी अतुलेश सिंह ने कलेक्टर अवि प्रसाद से मुलाकात की और उन्हें विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञानवर्धक पुस्तकें भारतीय इतिहास, करेंट अफेयर्स, मध्यप्रदश कल्याणकारी योजनाएं, रोजगार एवं निर्माण, सामान्य विज्ञान, भारत एवं विश्व, भारतीय राजव्यवस्था एवं प्रशासन, भारतीय अर्थव्यवस्था, मध्यप्रदेश परीक्षाधाम, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, करेंट अफेयर्स एवं



खेल परीक्षाधाम, भारतीय इतिहास, खेलकूंद जैसी 50 पुस्तकें उन्हें भेंट की। कलेक्टर श्री प्रसाद ने उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा भारत निर्माण कोचिंग के विद्यार्थियो के उपयोग के लिए इन पुस्तकों को वहां स्थापित की गई लायब्रेरी में प्रदान किये जाने की बात कही है।

विदित हो कि शासकीय सेवाओं में बेहतर भविष्य बनाने के उद्धेश्य के लिए जिले के युवाओं को निःशुल्क मार्गदर्शन प्रदान करने कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर प्रारंभ की गई भारत निर्माण कोचिंग पिछले 7 अगस्त 2023 से स्थानीय कें.सी.एस कन्या विद्यालय परिसर में निरंतर जारी है।

**परियोजना से मिल सकेगा 45 दिन का अधिक पानी**

## पेयजल संकट से निपटने इमलिया खदान से फिल्टर हाउस तक पानी पहुंचाने का कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की पहल पर नगरवासियों को नव वर्ष पर एक ग्रीष्म कालीन पेयजल संकट से निपटनें वैकल्पिक स्रोत की एक महत्वपूर्ण सौगात मिली है। मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, जिला कलेक्टर अवि प्रसाद एवं नगर निगम के सामूहिक सहयोग से विद्युत मंडल के माध्यम से विद्युत कनेक्शन आदि की कार्यवाही पूर्ण की जाकर ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट से निपटनें हेतु इमलिया खदान से फिल्टर हाउस तक पानी पहुंचाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया



है। कार्य पूर्ण हो जानें से ग्रीष्मकाल के दौरान शहर में पेयजल संकट निर्मित होने अथवा पानी की समस्या उत्पन्न होने पर इस परियोजना के अंतर्गत 45 दिन का अधिक पानी प्राप्त हो सकेगा। उक्त कार्ययोजना के कियान्वयन हेतु एमपीयूडीसी को एजेंसी बनाया गया था।

### 2 करोड़ से मिली सौगात

कटनी शहर को ग्रीष्म कालीन पेयजल संकट से निजात दिलाने हेतु इमलिया खदान में उपलब्ध जल का उपयोग किये जाने की योजना को पूर्ण किये जाने हेतु मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल द्वारा 50 लाख रूपये की मद विधायक निधि से एवं कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से 2 करोड रूपये स्वीकृत करने के बाद कटनी शहर के लोगों को वैकल्पिक जलस्रोत के माध्यम से पेयजल समस्या के निदान की सौगात मिली है। उल्लेखनीय है कि जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर द्वारा प्रस्तुत की गई इस ग्रीष्म कालीन जल व्यवस्था हेतु बनाई गई कार्ययोजना की तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा भी इस कार्ययोजना की सराहना की गई थी।

## जरूरतमंदों को वस्त्रों का किया गया वितरण



आनंद संस्थान, आनंद विभाग की टीम द्वारा ग्राम बंजारी टोला, बड़वारा में पहुंचकर जरूरतमंदों को नवीन वस्त्र प्रदान किए गए जिसमें छोटे बच्चों को फ्रॉक, महिलाओं को साड़ी ब्लाउज, पुरुषों को शर्ट, टी शर्ट, पैंट इत्यादि का वितरण किया गया। वस्त्र वितरण कार्यक्रम मे श्रीमती कल्पना खरे, सहायक प्राध्यापक डाइट, उनकी बिटिया दीपांजलि खरे, राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर मनीषा कांबले, रश्मि खरे, स्मृति करपते, आनंदम सहयोगी बालमुकुंद मिश्रा, आनंदक आरती जाटव, मेहरून निशा अंसारी, जारा अंसारी एवं स्थानीय नागरिक सहयोगी भूमिका रही।

## प्रदर्शनकारियों द्वारा उतरवाई जा रही थीं सवारियां, पुलिस ने दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

हिट एंड रन कानून में किया जा रहे परिवर्तन को लेकर वाहन चालकों का प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे माधव नगर चौराहे के पास प्रदर्शनकारियों द्वारा उत्पाद मचाने और वाहन चालकों को रोक कर डराने धमकाने की जानकारी जब माधव नगर पुलिस को लगी तो काफी देर बाद पुलिस वहां पहुंची और उपरियों को समझ कर वहां से हटाने का प्रयास किया। वहां मौजूद कुछ लोगों ने प्रदर्शनकारियों द्वारा मचाए जा रहे इस उपद्रव का वीडियो बना लिया और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने जानकारी देते



हुए बताया कि लगभग दो दर्जन से भी अधिक प्रदर्शनकारी माधव नगर गेट के समीप रिलायंस पेट्रोल पंप के आगे आने जाने वाले वाहनों को रोककर वाहन चालकों को वहां न चलने की बात कहते हुए डरा धमका रहे थे जो सवारी वाहन सवारियों को ले जा रहे थे उन्हें धमकाते हुए सवारियां उतरवायी जा रही थी। काफी देर तक उपरियों द्वारा भी सड़क में तांडव मचाने की सूचना जब स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी तो पुलिस हरकत में आई और दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची एवं उपद्रव कर रहे प्रदर्शनकारियों को समझाते हुए उन्हें यहां से चले जाने के लिए कहा। पुलिस द्वारा काफी जल्दी जहर करने के बाद किसी तरह प्रदर्शनकारी वहां से दूर हटकर खड़े हो गए। बताया जाता है कि वह प्रदर्शन कार्यों के द्वारा की जा रही इस मनमानी के कारण माधव नगर चौराहे के आसपास तनाव जैसी स्थिति कुछ देर के लिए निर्मित हो गई थी।

**स्थानीय समाधान में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं**

## विद्युत संबंधी शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने दिये गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मंगलवार को जनसुनवाई, स्थानीय समाधान की बैठक में रैंडमली 100 शिकायतों का चयन किया जाकर शिकायतों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान 53 शिकायतें संतुष्टि से बंद पाईं गईं तथा 47 शिकायतें लंबित पाये जाने पर लंबित शिकायतों का अंतिम चयन कर शिकायतकर्ता एवं विभागीय अधिकारी की उपस्थिति में प्रकरणों की समीक्षा की गई।

### एक सप्ताह में विद्युत आपूर्ति बहाल करनें के निर्देश

उर्जा विभाग अंतर्गत विद्युत वितरण केन्द्र बहोरीबंद के संतोष कुमार की लंबित शिकायत में आवेदक द्वारा बताया गया कि



शासन की योजना के आवेदक द्वारा कृषि का कनेक्शन लिया था, किन्तु 03 वर्ष पूर्व बिजली के खंभे की तार चोरी हो जाने के कारण खेत की विद्युत आपूर्ति बाधित है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा आवेदक संतोष की शिकायत पर की सुनवाई करते हुए उर्जा विभाग के अधीक्षण यंत्री को एक सप्ताह के अंदर कृषि विद्युत आपूर्ति बहाल कराये जाने के निर्देश दिये गये।

### स्थल निरीक्षण कर, करें शीघ्र कार्यवाही

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा उर्जा विभाग से संबंधित कटनी हाउसिंग बोर्ड निवासी सुदामा सचदेव की लंबित शिकायत की समीक्षा के दौरान उपस्थित अधीक्षण यंत्री उर्जा विभाग कटनी द्वारा समक्ष में अवगत कराया गया कि वर्तमान में 11 केवी हाई टेंसन लाईन खीचे जाने का कार्य रोक दिया गया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा कार्यपालन अभियंता शहर संभाग कटनी को 03 दिवस के अंदर मौका स्थल का निरीक्षण कर आवेदक के घर के समीप से 11 के.वी लाईन के पोल को अन्य जगह से खीचें जाने के निर्देश दिये गये ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। कलेक्टर श्री प्रसाद ने भविष्य में इस प्रकार की शिकायतों में बिना निराकरण के मांग आधारित क्लोज न किये जाने निर्देश अधीक्षण यंत्री उर्जा विभाग कटनी को दिये।

## जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी नागरिकों की समस्यायें

# शिकायतों का एक पखवाड़े के अंदर निराकरण करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत एवं अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते ने जन सुनवाई में दूर दराज से पहुंचे आवेदकों के 44 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर तत्परता पूर्वक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा एवं डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान जिन समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जा सकता था उनका निराकरण किया गया। ऐसी समस्याएं जिसका निराकरण तत्काल नहीं किया जा सकता उन्हें संबंधित विभागों की ओर प्रेषित कर 15 दिवस के अंदर निराकरण करने के निर्देश प्रदान किए गये।

जनसुनवाई में ग्राम सिंहुडी बाकल निवासी



हीरा लाल पिता दादू राम द्वारा अवगत कराया गया कि कि उसके खसरा नंबरों का धान खरीदी पंजीयन सत्यापित हो चुका है। किसी किसान के नाम गल्त दर्ज होने के कारण खसरा नंबरों का सत्यापन नहीं हो पाने संबंधी आवेदन पर सुनवाई की जाकर जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदन पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया।

कटनी मदनमोहन चौबे वार्ड निवासी मनीषा रजक के आधार किसी अन्य व्यक्ति की समग्र आई.डी से लिंक होनें के कारण के.वाय.सी एवं अन्य अन्य कार्यो में असुविधा होनें संबंधी आवेदन पर सुनवाई की जाकर डी.ई.जी एम की ओर आवेदन प्रेषित किया जाकर उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए। एक अन्य प्रकरण में रफी अहमद किदवई वार्ड निवासी गोविंद सेन द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त न होनें संबंधी आवेदन पर सुनवाई की जाकर नगर निगम के अधिकारियों को प्रकरण पर उचित कार्यवाही करनें के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान आवेदिका रोशनी लधवानी गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनवानें, मझगवा फाटक निवासी रामकुमार चौधरी द्वारा शासकीय भूमि का पट्टा प्रदान करनें, घर में आग लगने से आर्थिक सहायता राशि प्रदान करनें, गुलवारा निवासी आवेदक विजय बर्मन द्वारा मजदूरी का भुगतान दिलाये जाने सहित अन्य आवेदनों पर सुनवाई की जाकर विभागीय अधिकारियों को आवेदनों पर निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग नयन सिंह जिला श्रम अधिकारी के.बी.मिश्रा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी वनश्री कुर्वती सहित उर्जा विभाग, स्वास्थ्य विभाग नगर निगम एवं अन्य विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।



## दुकानदारों को बाल श्रमिकों को कार्य पर न रखने दी समझाईश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला चिकित्सालय के सामने संचालित चौपाटी में बाल श्रमिकों के नियोजन एवं बालकों द्वारा भिक्षावृत्ति के संबध में प्रत्येक दुकानों में श्रम विभाग, महिला बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस के संयुक्त दल द्वारा जाँच की गयी।

जिला श्रम अधिकारी के.बी मिश्रा ने बताया कि जांच के दौरान दुकानदारों को बाल श्रमिकों को कार्य पर न रखने की समझाईस दी गई। यदि किसी दुकान में बाल श्रमिक नियोजित पाया जाता है तो संबधित नियोजक संस्थान के विरूद्ध बाल श्रम अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों तहत 20 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तक जुर्माना तथा 6 माह से 2 वर्ष तक कारावास या दोनों से दंडित किया जा सकता है, की जानकारी दी गयी। भविष्य में बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति के उन्मूलन हेतु जिला स्तरीय दल द्वारा समय- समय पर कार्यवाही की जावेगी।

## खबर संक्षेप



### संकल्प यात्रा कार्यक्रम की सहभागिता

**कटनी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले की 5 जनपद पंचायतों के 10 गाम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाकर कार्यक्रम संपन्न हुए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणजनों, किसानों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, शालाओं के छात्र-छात्राओं आदि ने सहभागिता की। ग्राम पंचायत कुम्हरवारा, भदौरा, देवरी, बड़खेड़ा भरदा, पिलौजी, खमतरा, सिमरा-1, देवगांव जिजनौडी संगवारा में यात्रा के पहुंचनें पर यात्रा का स्वागत किया गया। शिविर के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री जी का रिकार्डेड संदेश, विकसित भारत संकल्प, वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, स्कूल की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरुस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रचार रथों का कलश यात्रा और पारंपरिक रूप से पूजा आदि कर स्वागत किया गया।

### अलग अलग सड़क हादसों में तीन घायल

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत हुए दो हादसों में तीन लोग घायल हो गए। पहले हादसे में पान उमरिया मोड़ पर गत शाम करीब साढ़े पांच बजे दो मोटर साइकिलें आपस में टकरा गई जिसमें दो युवक घायल हो गए। 108 एंबुलेंस की मदद से युवकों को जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बताया कि दोनों युवकों की हालत गंभीर बनी हुई है। इसी तरह दूसरा हादसा स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के तिहारी बायपास में भी सोमवार करीब साढ़े सात बजे हुए एक हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। यह व्यक्ति मोटर साइकिल से गिर घायल पड़ा था। इसके बाद स्थानीय इसकी सूचना 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस की मदद से घायल को जिला अस्पताल भेजा गया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिस जांच कर रही है।

### दो पक्षों के बीच हुई मारपीट, मामला पंजीबद्ध

**कटनी।** किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट कर हुई। इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों ने थाने पहुंचकर एक-दूसरे कि खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। घटना बड़वारा थानांतर्गत ग्राम भुडसा के संगम मोड पर हुई। जानकारी के मुताबिक थाने पहुंचकर राघवेंद्र पिता दरबार सिंह उम्र 25 साल निवासी सहजपुरा थाना देवगढ़ जिला मुरैना के साथ गुड्डू साहू, सौरभ सिंह निवासी लमकाना, बाबा भाई जान एवं अन्य व्यक्ति सभी निवासी भुडसा ने एक राय होकर उसकी गाड़ी तोड़ दी जिस का विरोध करने पर सभी ने गालीगलौज कर उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए चोट पहुंचा दी और सभी जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग निकले। इसी प्रकार थाने पहुंचकर सोनेलाल उर्फ गुड्डू पिता सुखलाल साहू उम्र 41 साल ने शिकायत दर्ज कराई कि राघवेंद्र सिंह, सुनील मिश्रा एवं अन्य व्यक्ति ने एक राय होकर गालीगलौज कर उसके साथ मारपीट कर चोट पहुंचा दी। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

### संदिग्ध अवस्था में किशोरी की हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कटनी।** एक किशोरी की अज्ञात कारणों से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। घटना विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हिनौता में हुई। जानकारी के अनुसार सपना पिता हीरालाल कोल 16 हिनौता विजयराघवगढ़ गत दिवस मेला घूमने गई थी। शाम को 6 बजे मेला से घर लौटी। घर में आकर गिर गई थी। वहां से इसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया है। लड़की के परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराने की जिद में अड़े हुए थे। हालांकि पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

---

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत खिरहनी ब्रिज के नीचे घायल मिला था युवक

# लूटपाट के इरादे से की गई थी युवक की हत्या, एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

घायल अवस्था में मिले युवक की इलाज के दौरान मौत होने और परिजनों द्वारा हत्या का आरोप लगाकर किये गये प्रदर्शन के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने अंधे कत्ल का खुलासा किया है। हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक अभी फरार है। पुलिस ने पूरे घटना क्रम का खुलासा करते हुए युवक की मौत के लिए जिम्मेदार एक आरोपी को पकड़ लिया है, जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है। घटना का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केड़िया ने बताया कि दो युवकों ने लूटपाट के इरादे से दो युवकों ने मृतक के साथ मारपीट की थी। इस दौरान आरोपियों ने पत्थर से उसके सर पर गंभीर वार किए थे। मारपीट और लूट करने के बाद युवक को घायल अवस्था में छोड़कर आरोपी भाग गए थे।

गौरतलब है कि 20 दिसंबर को खिरहनी ओवर ब्रिज के नीचे स्थित शनि मंदिर के पास सावरकर वार्ड खिरहनी फाटक निवासी 35 वर्षीय रवि रैदास उर्फ लल्लू पता मेरु चौधरी घायल अवस्था में मिला था। घायल को इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल भिजवाया गया जहांपर उसे गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। 28 दिसंबर को जबलपुर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



अंधे हत्याकांड में पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याती मिश्रा के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा के द्वारा आरोपियों को पकड़ने के लिए तीन टीमें गठित की गई थी। जांच के दौरान cctv फुटेज खंगालने एवं आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बाद यह बात सामने आई की देर रात दो युवक गर्ग चौराहा की तरफ से लाल रंग की ऑटो रिक्शा लेकर आए और पेट्रोल पंप के सामने सनी मंदिर के पास छिपकर खड़े हो गए। जब इसी बीच रवि वहां से गुजर रहा था तो उन दोनों ने उसे पकड़ लिया और जबरन ई रिक्शा में बैठाने लगे।

#### आरोपितों ने पत्थर से किए थे वार

दोनों आरोपियों से बचकर जब वह भागने का प्रयास करने लगा तो उन्होंने रवि को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट करते हुए दोनों आरोपियों ने रवी से दोनो आरोपियों ने नगद और मोबाइल लूट लिया और उसे घायल अवस्था में वही छोड़कर भाग खड़े हुए। पुलिस ने बताया कि हत्या के आरोपी मोनू बर्मन को बैलेटघाट के पास ई-रिक्शा सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़ा गया आरोपी एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर का रहने वाला है। दूसरे युवक की तलाश की जा रही है जिसको जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपी को पकड़ने में टीआई आशीष शर्मा, एसआई अरुनपाल सिंह, एएसआई रामचंद्र शुक्ला, कप्तान सिंह, विजय शंकर गिरी, प्रधान आरक्षक अनिल सिंग सेंगर, पुष्पराज सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय प्रताप सिंह, अमित सिंह, उपेंद्र सिंह, विकास राय, शामिल हैं।

---



# वित्तीय साक्षरता को लेकर दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की विकासखंड स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक एवं सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बैठक में ढीमरखेड़ा विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने नवांकुर संस्था और प्रस्फुटन समिति सदस्यों द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा की। विभागीय पोर्टल पर जानकारी अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय पर समिति सदस्य अपनी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारियों को सख्त लहजे में कहा कि वे भी क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाये।हर माह क्षेत्र में जागरूकता शिविरों का आयोजन करें। समितियों की बैठक कर उनके साथ कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर भी चर्चा की गई। जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने भी नवांकुर और प्रस्फुटन समिति सदस्यों को उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों में लापरवाही नही बरतने की हिदायत दी। वहीं इस मौके पर मेडिकल ऑफिसर डॉ अजय सोनी और लैब टेक्नीशियन अशोक इंदौरिया ने स्वास्थ्य को लेकर आवश्यक जानकारी दी और सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को बताया। वहीं ब्लॉक समन्वयक नीरज ज्योतिषी ने प्रस्फुटन समिति सदस्यों को वित्तीय साक्षरता को लेकर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार, अंकित झारिया, विकास हल्दकार, सत्येंद्र सिंह राजपूत सहित प्रस्फुटन समिति सदस्यों की उपस्थिति रही।

---

*योगासन एवं प्राणायाम की भी दी गई जानकारी*

# आशा कार्यकर्ताओं को आयुष औषधियों के महत्व संबंधी दिया दो दिनी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु द्विवेदी के निर्देशन में हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर खरखरी, खितौली, भुड़सा, गणेशपुर, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, खम्हरिया, देवगांव, चरगंवा, मुरवारी एवं रैपुरा मे आशा कार्यकर्ताओं के उन्मुखीकरण हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला आयुष अधिकारी, ए.एम.ओ. एवं सी.ए.एम.ओ. द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षको द्वारा गर्भावस्था में उपयोगी योगासन एवं प्राणायाम आदि आशा कार्यकर्ताओं को योग की जानकारी भी दी गई।

विगत 29 एवं 30 दिसंबर को आयोजित प्रशिक्षण का शुभारंभ आयुर्वेद के देवता भगवान धनवंतरी के पूजन व दीप प्रज्वलन से किया गया। पूजन के बाद आशा कार्यकर्ताओं को आयुष योजनाओं की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण का उद्देश्य आयुष हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर में संचालित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से अवगत कराना, आयुष औषधियों का महत्व की जानकारी, आयुर्वेद का उद्देश्य स्वास्थ्य स्वस्थ रक्षणम, आतुरस्य विकार प्रशनम के अनुसार आहार-विहार, दिनचर्या, ऋतु चर्या, योग के बारे में जानकारी दी गई आयुष के लिए उपयुक्त रेफरल की जानकारी, औषधीय पौधो की जानकारी और उपयोग, घरेलू मसालों का सामान्य बीमारियों में उपयोग, औषधीय पौधो की खेती, देवारण्य योजना के लिए प्रोत्साहन प्रकृति पोर्टल पर प्रकृति की जानकारी दी गई।

#### आयुष निर्देशिका पुस्तिका का किया गया वितरण

प्रशिक्षण के दौरान हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर में आयईसी मटेरियल होने वाली जांचों के बारे में जानकारी दी गई। आयुष क्योर एप की जानकारी, समुदाय में एप के डाउनलोड, कंसलटेशन का प्राथमिकता से प्रचार-प्रसार करने के लिए आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। आशा कार्यकर्ताओं को आयुष निर्देशिका पुस्तिका का भी वितरण किया गया।

---

## डीसीए कटनी टीम ने 10 विकेट से जीता मैच



उमरियापान स्थित अंधेलीबाग ग्राउंड में खेली जा रही 27वीं लैदरबाल संतोष क्रिकेट ट्राफी में मंगलवार को स्पर्धा का छटवां लीग मैच सम्राट क्लब सिहोरा और डीसीए कटनी के बीच खेला गया। जिसमें कटनी ने 10 विकेट से मैच पर जीत दर्ज कर क्वार्टर में प्रवेश कर लिया। सिहोरा टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित 20 ओवर में 128 रनों का स्कोर खडा किया। कटनी की ओर से गेंदबाज अनुराग ने 3 विकेट, संकल्प व सचिन ने 2-2 विकेट झटके। जवाबी पारी में डीसीए कटनी ने 13वें ओवर में ही लक्ष्य पार कर लिया। कटनी की ओर से बल्लेबाज अनुराग ने धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए 67 रन एवं जतिन ने 57 रन बनाए। इस दौरान बडी संख्या में खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही। स्पर्धा में आज 3 जनवरी को डब्लूसीआर जबलपुर और डीसीए कटनी के बीच तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच खेला जाएगा।

---

# कलेक्टर की अध्यक्षता में वाहन आपरेटर्स यूनियन की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



वाहन चालकों द्वारा की जा रही हड़ताल के संबध में कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन की मौजूदगी में बस आपरेटर्स यूनियन, ट्रक आपरेटर्स यूनियन व आटो एवं टेक्सी यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी रही।

बैठक के दौरान यात्रियों के आवागमन एवं अत्यावश्यक वस्तुओं के परिवहन के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान जिले में ट्रक ड्राइवरों की हडताल के संबंध में चर्चा की जाकर वाहन मालिकों से उनके वाहनों के ड्राईवरों को समझाईश दिये जाने की बात कही गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा वाहन ड्राईवरों को यात्रा के दौरान जिले के अंदर आनें वाली समस्याओं उत्पन्न होने की जानकारी ली जाकर पुलिस प्रशासन द्वारा सहयोग प्रदान किये जाने तथा किसी भी तरह की समस्या आनें पर तत्काल कंट्रोल रूम नंबर 07622 220071 एवं 220072 तथा 7587615946 पर सूचना देने की बात कही गई।

बैठक के दौरान ट्रांसपोर्ट एशोसिएशन अध्यक्ष बी.एम.तिवारी, आटो यूनियन अध्यक्ष राजा सिंह सहित वाहन मालिकों की उपस्थिति रही।

---

*वन अमले ने की कार्यवाही, सभी को भेजा गया जेल*

# सुअर का मांस पकाते हुए दो गिरफ्तार बम बेचने वाले को भी दबोचा, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के ठिर्री गांव में जंगली सूअर के मांस के साथ दो आरोपियों को वन अमले ने गिरफ्तार किया है।बम बेचने वाले को भी दबोचा गया।मामले से जुड़ा एक अन्य आरोपी फरार है।यह कार्रवाई वन मंडल अधिकारी गौरव शर्मा के निर्देशन पर वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा द्वारा की गई है। जिस वक्त वन अमले ने दबिश दी उस वक्त दोनों आरोपियों से सूअर का पका रहे थे।वन अमले ने मांस को बरामद किया और कार्रवाई शुरू की।



वन विभाग के अधिकारियों को मुखबिर से सूअर के शिकार की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय मिश्रा के निर्देशन में दो अलग अलग टीम गठित की गई। एक टीम ने ठिर्री गांव में संतोष वंशकार और राजकुमार वंशकार को सुअर के मांस सहित गिरफ्तार किया। मौके पर वन्य जीव के कटे हुए चारों पैर भी बरामद किया।

दोंनो आरोपियों से पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर वन विभाग की टीम कुंडम प्रोजेक्ट रामपुर के पीएफ क्रमांक 372 (बिजौटा ग्राम) पहुँचकर जांच किया। घटना स्थल पर वन्य जीव को मारने के निशान मिले मौके पर चार सुअर मार बम भी मिले। जिसके बाद दूसरी टीम ने बम बेचने वाले रामपुर निवासी देशराज वादी को भी गिरफ्तार किया। पकड़े गए इन तीनों आरोपियों के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। सोमवार को तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहा से सभी को जेल भेजा गया है।वहीं इस पूरे मामले से जुड़ा एक अन्य आरोपी फरार है।

कार्रवाई में रामकुशल मिश्रा, वनरक्षक रामफल पटेल,प्रदीप तिवारी, अंकित गौतम,उमा चौधरी, रामकृष्ण दुबे,रामदुलारे झारिया, विनीश सिंह,राजेश शर्मा,राजेश सोनी व अन्य वनकर्मी शामिल रहे।

---

## जिले के 11 ग्रामों में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा

# शिविरों के माध्यम से दी गई शासकीय योजनाओं की जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारत सरकार और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक के पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले की चारों विधानसभा की जनपद पंचायतों के अंतर्गत आनें वाली ग्राम पंचायतों में रोजाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का जनपद पंचायत बड़वारा की ग्राम पंचायत बंदरी एवं सकरीगढ़, बहोरीबंद में मोहनिया नीम एवं कूड़न, ढीमरखेडा में खमरिया खमतरा एवं मुरवारी, कटनी के चाका, रीठी में खम्हरिया -2 एवं घुघरा सहित जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में भैसवाही एवं हरदुआकला ग्राम पंचायतों में भ्रमण किया। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रचार रथों का कलश यात्रा और पारंपरिक रूप से पूजा आदि कर स्वागत किया गया।

ग्रामों में आयोजित शिविर के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री के रिकार्डेड संदेश विकसित भारत संकल्प वीडियो का प्रसारण, मेरी कहानी मेरी जुबानी, सतत कृषि गतिविधियाँ, स्कूल की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरुस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रमों में आधार सीडिंग, आयुष्मान कार्ड, वन भूमियों के पट्टे, कृषकों को वैकल्पिक ऊर्जा, ड्रोन व नैनो उर्वरक राजस्व के नामांतरण व बंटवारा प्रकरण, बैंकिंग व बीमा संबंधी सुविधाओं, पेंशन आदि शासन की योजनाओं के बारे में आमजन को बताया जाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई गई।

---

# उत्तराधिकारियों के खातों में भेजी गई लंबित अनुग्रह राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोविड संक्रमण के दौरान अपने परिवार के सदस्यों को खोने के उपरांत मुख्यमंत्री कोविड कल्याण योजना के तहत जिले के 62 परिवारों को स्वीकृत प्रकरणों की अनुग्रह राशि का भुगतान नहीं हो पाने की जानकारी कलेक्टर अवि प्रसाद को प्राप्त होते ही प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा को प्रकरण के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए।

संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति शर्मा द्वारा प्रकरण की जांच करते हुए लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु शासन स्तर पर आवंटन की अग्रिम कार्यवाही के लिए राहत आयुक्त मध्य प्रदेश शासन भोपाल को पत्र प्रेषित कर मुख्यमंत्री कोविड कल्याण योजना के तहत जिले मे कोविड 19 संक्रमण से मृत्यु पर स्वीकृत 62 प्रकरणों हेतु 31 लाख रुपए का बजट आवंटन उपलब्ध कराये जाने का लेख किया गया। बजट आवंटन न होने की दशा में पुनः माह अक्टूबर में राहत आयुक्त मध्यप्रदेश शासन को पत्र प्रेषित किया जाकर स्वीकृत प्रकरणों की लंबित राशि 31 लाख रुपए का बजट आवंटन किये जाने का लेख किया गया।

शासन स्तर से बजट की स्वीकृति प्राप्त होते ही कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कोविड 19 संक्रमण से मृत्यु हाने पर मृतको के वारिसान को अनुग्रह सहायता राशि के भुगतान हेतु गठित जिला स्तरीय समिति से प्रकरणों का परीक्षण कराते हुए जिले के कोरोना संक्रमण से 62 मृतकों के वारिसान, उत्तराधिकारियों को 50 हजार रुपए के मान से कुल 31 लाख रुपए की भुगतान का स्वीकृति आदेश जारी किया जाकर राशि उनके खाते में भेजी जा चुकी है।

## खबर संक्षेप

### पीएम यशस्वी योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 जनवरी

**पन्ना।** भारत सरकार की पीएम यशस्वी योजना के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों को 75 हजार रूपए से 1 लाख 25 हजार रूपए तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। मेधावी विद्यार्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 जनवरी 2024 निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए कलेक्ट्रेट स्थित पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में संपर्क किया जा सकता है।

### जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा आज

**पन्ना।** जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में 03 जनवरी को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई है। इस मौके पर जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा सहित समूह व एकल ग्राम जल प्रदाय योजनाओं के प्रगति और शालाओं व आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल उपलब्धता की समीक्षा भी की जाएगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री महेन्द्र सिंह द्वारा सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### लोक सेवा केन्द्रों का पीपीपी मोड में होगा संचालन

**पन्ना।** जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी अंतर्गत जिले के चार लोक सेवा केन्द्रों देवेन्द्रनगर, अमानगंज, गुनौर और रैपुरा का पीपीपी मोड में संचालन एवं संधारण के लिए ऑनलाइन माध्यम से संचालकों का चयन किया जाएगा। इसके लिए एमपी टेण्डर्स पोर्टल पर गत 15 दिसम्बर को ऑनलाइन निविदा जारी की गई है। निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2024 निर्धारित है। 17 जनवरी को तकनीकी निविदा खोली जाएगी, जबकि 28 फरवरी को लोक सेवा केन्द्र संचालकों का चयन किया जाएगा। इसके पूर्व तकनीकी निविदाओं का परीक्षण कर वित्तीय निविदा खोली जाकर तुलनात्मक विवरण तैयार किया जाएगा।

### मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने का मौका

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2024 के मान से निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बर मिश्र ने जानकारी दी कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत 6 जनवरी से 22 जनवरी के मध्य दावे आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जाएगी और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को किया जायेगा। सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों का नाम अनिवार्य रूप से जिले की मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

### शिशु गृह में निवासरत बालक को गोद लिया



**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल कल्याण समिति पन्ना के आदेश से शिशु गृह में विगत 13 जुलाई से निवासरत बालक अरूण (परिवर्तित नाम) को दत्तक ग्रहण पर भावी दत्तक माता-पिता को सौंपा गया। माता सरोज एवं पिता राजेश (बदले हुए नाम) ने आवश्यक कार्यवाही व प्रक्रिया पूर्ण कर बालक को गोद लिया है। इसके लिए भावी दत्तक माता-पिता द्वारा केन्द्रीय दत्तक ग्रहण अभिकरण पोर्टल पर 10 जनवरी 2020 को ऑनलाइन आवेदन किया था। विगत 5 अक्टूबर को आवेदन अनुसार अनुष्का शिशु गृह पन्ना में निवासरत बालक को रेफरल एवं रिजर्व किया गया। किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 41 के तहत अनुष्का शिशु गृह पन्ना विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण के रूप में पंजीकृत संस्था है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर ने बताया कि दत्तक ग्रहण समिति द्वारा 30 अक्टूबर को भावी दत्तक माता-पिता के दस्तावेजों का परीक्षण व सत्यापन के उपरांत बालक को माता-पिता के संरक्षण में पालन पोषण पूर्व देखरेख पर दिया गया था। एडॉप्शन प्रक्रिया के अंतिम निराकरण के लिए प्रकरण जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष 10 नवम्बर को प्रस्तुत किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का हटा नगर के गौरीशंकर प्रांगण में हुआ आयोजन

# अस्पताल में शीघ्र ही खुलेगी पुलिस चौकी दीनदयाल रसोई संचालित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन मंगलवार को नगर के गौरीशंकर प्रांगण में विधायक श्रीमती उमा देवी खाती के के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कन्या पूजन के साथ किया गया इसके उपरांत नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा अतिथियों का स्वागत सत्कार पुष्प मालाओं से किया गया वही कार्यक्रम में विधायक उमा देवी खटीक ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से हर पात्र व्यक्ति को लाभान्वित किए जाने की बात कही। लेकिन कार्यक्रम में गौर करने वाली बात रही कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के इस आयोजन में नगर के किसी भी वार्ड से किसी भी प्रकार की शिकायत के कोई भी आवेदन अधिकारियों को प्राप्त नहीं हुए सिर्फ संस्कृतिक मनोरंजन कार्यक्रम तक ही सीमित रहा। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष पलया चंद्रभान पटेल सोमिल सिंह हजारी, रामगोपाल जी वार्ड पार्षद राजीव सोनी, कैलाश ताम्रकार, भाजपा युवा नेता गोविंद पटेल, सुशील सेलट नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे सहित नगर पालिका के सभी कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता हूं सहित वार्ड के लोगों की उपस्थिति रही।

#### दीनदयाल रसोई का विधायक ने किया निरीक्षण

गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के उपरांत विधायक उमादेवी खटीक ने मंगल भवन में संचालित दीनदयाल रसोई का निरीक्षण किया जहां पर उन्होंने मंगल भवन में संचालित रसोई को अस्पताल परिसर में संचालित किए जाने के निर्देश सीएमओ को दिये ताकि सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीबों पांच रुपए में भरपेट भोजन जरूरतमंद व्यक्तियों को मिल सके अस्पताल में रोजाना आम गरीब तबके असहाय लोगों का आना-जाना अधिक होता है इसलिए वहां अधिक से अधिक लोग लाभान्वित होंगे जहां उन्होंने अस्पताल परिसर में पहुंचकर निरीक्षण किया एवं अस्पताल परिसर में स्वर्गीय श्रीमती गीता साहू स्मृति में बनाए गए रसोई विश्रामगृह में संचालित करने बीएमओ व सीएमओ को शीघ्र ही व्यवस्थाएं करने निर्देशित किया वही विधायक उमादेवी ने अस्पताल परिसर में शीघ्र ही जगह निर्धारित कर पुलिस चौकी खोले जाने की बात कही ताकि अस्पताल में आए दिन होने वाले वाद विवाद व घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके एवं अस्पताल परिसर में वाहन पार्किंग की व्यवस्था शीघ्र करवाए जाने की बात अस्पताल प्रबंधन से कहीं ताकि एंबुलेंस 108 व इमरजेंसी वाहनों को आने-जाने में किसी भी प्रकार की मरीज को परेशानी न हो।

## नरसिंहगढ़ में एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतिस्पर्धा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ

शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय नरसिंहगढ़ जिला दमोह में नए वर्ष के उपलक्ष में एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें नरसिंहगढ़ बटियागढ़ बिलानी एवं मायसेम नरसिंहगढ़ टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें फाइनल मुकाबले मायसेम एवं बिलानी के मध्य खेला गया जिसमें मायसेम नरसिंहगढ़ विजय रही। मुख्य अतिथि के रूप में चौकी प्रभारी प्रसिता कुर्मी नरसिंहगढ़ उपस्थित रहे। एवं कार्यक्रम के उपरांत विजेता एवं उपविजेता को ट्रॉफी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक प्रधान आरक्षक श्री तुलसीराम पटेल बटियागढ़ एवं विपिन जैन एवं एकता वॉलीबॉल के समस्त कार्यकर्ता एवं सहयोगी खिलाड़ी मौजूद रहे। उपेंद्र सिंह, दीपक मासाब, गोविंद, राहुल, बेनीराम, उमेश सेन, सोनी जी पिपरिया अरमान खान, देवांश जोगी यादव, राजेश पटेल मोहित उपस्थित रहे।

## किंग क्लब ने एकता क्लब को हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

स्थानीय खानदानी चुड़ैलाबंशी मैदान पर नव वर्ष के उपलक्ष्य मे 12 वर्ष उम्र तक के 3-3 बच्चों की टीम के मध्य आयोजित व्हालीबाल का नुमाइशी मैंच किंग क्लब ने एकता क्लब को 2-1 हराकर जीत लिया। उक्त प्रदर्शन व्हालीबाल मैंच मे 15-15 अंको के तीन सेट खेले गये। मैंच मे पहला सेट एकता क्लब ने जीता। इसके बाद किंग क्लब ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुये लगातार दो सेट जीत लिये। मैंच समापन पर समाजसेवी मुबारक राजा नूरी एवं मुहम्मद शामी उर्फ शमीम खान व्दारा विजेता टीम को नगद राशी एवं शील्ड से सम्मानित किया गया। किंग क्लब के शाहबान खान, हमजा शा, जीशान खान एवं एकता क्लब के रेहान खान, छोटू खान, जुबैर खान का खेल सराहनीय रहा। खेल मे रेफरी आदिल खान, बारिश खान स्कोरिंग बरकत खान एवं लकी शा व्दारा की गई। इस मौके पर बडी.संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## कुम्हारी ने मोहन्द्रा को पराजित कर पहला क्वार्टर फाइनल जीता

**चंडीगढ़ के खिलाड़ी ने लगाई छक्कों की झड़ी**
**आज सागर शुक्रवारी और लुहर्रा बांदकपुर के बीच खेला जाएगा दूसरा क्वार्टर**



हरिभूमि

न्यूज ▶▶ रनेह

नल दमयंती क्रिकेट टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल मैचों की श्रृंखला शुरू हो गई है। पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला विकास इलेविन कुम्हारी और मोहन्द्रा के बीच खेला गया। जिसमें मोहन्द्रा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की और विकास इलेविन कुम्हारी के सामने 16 ओवर में 6 विकेट खोकर महज 123 रन बनाकर 124 रन का लक्ष्य दिया। कुम्हारी के बल्लेबाजों ने अपनी पारी की शुरुआत पहली गेंद पर चौका लगाकर की और मैच 9 ओवर में 124 के लक्ष्य को पकड़ विजय हासिल कर ली। कुम्हारी टीम से चंडीगढ़ से आए खिलाड़ी ने चौका छक्का की मदद से 83 रन की पारी खेली और अपनी टीम को विजय दिलाई। आज के मैन ऑफ द मैच सुरेंद्र सिंह चंडीगढ़ रहे। इन्होंने 83 रन बनाकर 2 विकेट लिए। नल दमयंती क्रिकेट टूर्नामेंट ग्राउंड में दर्शकों की भारी भीड़ रही। वहीं कमेटी प्रमुख में पं. राममिलन तिवारी, पं. रामकिशुन तिवारी, जमना पटेरिया, नन्नू लाल राय, श्याम नायक, मनीष तंतवाय, पिंटू व्यास की उपस्थिति रही। कमेंटेटर जहांगीर खान अड्डू, अरबाज खान, अंपायर सगीर खान, लोकेंद्र सिंह, स्कोरर अरमान खान रहे। वहीं व्यवस्थापक के रूप में पप्पू खान, राज

## किल्लाई में धूमधाम से अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली



**दमोह।** खेर माता मंदिर से श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश की शोभा यात्रा से पहले श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलशों पूजन किया उसके पश्चात माता के मंदिर से शोभा यात्रा प्रारंभ की गई। जय श्री राम के उद्घोष से वातावरण राममय नजर आ रहा था श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलशों सिर पर धारण किए हुए श्री राम जन्मभूमि अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश को शोभा यात्रा किल्लाई बस्ती में गलियों में स्वागत वंदन अभिनंदन सभी के द्वारा किया जा रहा था अक्षत कलश शोभा यात्रा श्री हनुमान मंदिर से होते हुए ग्राम में स्थित शिव मंदिर पहुंची जहां पर पूजन किया गया अक्षत कलश स्थापित किया एक अपनी अलग पहचान है अक्षत कलश यात्रा दौरान नारी शक्ति नृत्य की टोलियां भी राममय होकर भक्ति में झूमती नजर आ रही थी श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में आए हुए अक्षत कलश शोभा यात्रा सभी संप्रदाय के लोगों की उपस्थिति रही।

## चालीसा पाठ में शामिल हुई केंद्रीय अध्यक्ष

**दमोह।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धेश्वर धाम के संयुक्त तत्वाधान में नए वर्ष पर देश-विदेश में हजारों जगह दुर्गा चालीसा पाठ के आयोजन किए गए बीवी वही जिसमें दमोह मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर धनगौर गंजी में जिला स्तरीय दुर्गा चालीसा पाठ का भाव आयोजन किया गया यह आयोजन सोमवार 1:00 बजे से मंगलवार 1:00 तक 24 घंटे चला रहा जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामवासी एवं क्षेत्र वासियों एवं जिला वासियों की उपस्थिति रहीं। वही समापन पर भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन पूजा शुक्ला जी एवं सिद्धाश्रम चेतना आलूनी दीदी जी की गरिमामय उपस्थिति रही केंद्रीय अध्यक्ष का जिले में प्रवेश करते ही जगह-जगह स्वागत किया क्या हजारों लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष पूजा शुक्ला जी ने कहा कि आपने देखा होगा नए वर्ष पर जगह-जगह लोग शराब पीकर झूठ थे नजर आते हैं लेकिन नया वर्ष में तो हमें संकल्प लेना चाहिए कि आज से हम नशे में से मुक्त चरित्रवान जीवन जिएंगे केंद्रीय अध्यक्ष बहन ने कहा की एक तरफ तो समाज नशे में धुत होकर नया वर्ष मानता है लेकिन हमारे संगठन के कार्यकर्ताओं ने देश-विदेश में कई हजार जगह मां के गुणगान से शुरुआत की हो तो ठीक है संगठन के कार्यकर्ताओं ने अवैध शराब पड़कर नया वर्ष मनाया बहन पूजा शुक्ला जी ने आगे कहा कि मोबाइल से हमें दूर रहना चाहिए युवा मोबाइल का उपयोग करके अपने आप को पाटन की ओर ले जा रहे हैं कई घंटे तक आप मोबाइल चलाते रहते हो मोबाइल आपके दिमाग को आधा कमजोर कर देता है मोबाइल का काम से कम उपयोग करें अगर आपको देखना ही है तो अच्छी-अच्छी चीज देखें जिसे आप मोबाइल चलाओगे उतना दिमाग काम काम करना शुरू कर देता है। वहीं श्री दुर्गा चालीसा में पहुंचे सभी का बहन वीसी जी ने पंच ज्योति सिंहासन धाम में आवाहन किया और 10 एवं 11 फरवरी बिलासपुर में होने वाली शक्ति चेतना जन जागरण सुबह में अधिक से अधिक जिले से लोगों के लिए पहुंचने के लिए कहा ग्राम के सरपंच सहित हजारों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।



## भारतीय किसान संघ की बैठक में महिला स्व-रोजगार पर दिया गया जोर

**पथरिया।** भारतीय किसान संघ तह.पथरिया के तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया बैठक में भरत जी द्वारा भारत माता,भगवान बलराम जी एवं दत्तोपंत जी की फोटो पर पुष्प अर्पित ,पूजन कर बैठक को शुरू करने के लिए कहा मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मंजू दीक्षित जी(अखिल भारतीय महिला संयोजिका), भरत जी भाईसाब(प्रांत संगठन मंत्री) की उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य मातृ शक्ति को भारतीय किसान संघ की सदस्यता ग्रहण कराना एवं महिलाओं को स्व–रोजगार से जोड़ना एवं महिलाओं को रोजगार की मुख्य धारा में लाना रहा जिससे वह आगे बड़े एवं देश की उन्नति में सहभागिता निभा सके श्रीमती मंजू के द्वारा महिलाओं को समझाया गया की आज के युग के महिला बहुत आगे बढ़ रही है जो बहुत बढ़ी उपलब्धि है स्व–रोजगार के जरिए प्रत्येक महिला अपने क्षेत्र में समूह बनाकर नए कार्यों को आयाम दे जिसको विशेष रूप से खाद्य प्रसंस्करण में महिलाओं की भूमिका में जोड़ दिया गया उपस्थित महिलाओं में से बहुत सी महिलाएं अपने सूक्ष्म ग्रह उद्योग चला रही है जिसमे आचार,पापड़, बरी,कपड़े और भी बहुत सी अन्य सामग्रियां बना रही है। इसके बाद भरत जी ने बताया की संगठन में महिलाओं को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाए एवं महिलाओं को मुख्य पद पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाए किसान संघ के सदस्यता अभियान में महिलाओं को बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी लेने के लिए जागरूक किया जाए एवं सभी महिलाओं को अपने ग्राम में कम से कम 25 महिलाओं को सदस्यता ग्रहण कराने के लिए कहा और 5000 महिलाओं की सदस्य बनाने का संकल्प दिलाया ,बैठक में राजेश जी ने बताया की महिलाओं के उत्थान में उनके ग्रह उद्योगों की मुख्य भूमिका है और उनके सहयोग के लिए उन्होंने अपनी बात रखी एवं उनके उत्पादों को बेचने के लिए संबंधित बाजार की भी बात रखी और उनके द्वारा चलाए जा रहे अभियान में महिलाओं के लिए बहुत से रोजगार है जिन्हे वह कर सकती है। राजेश जी द्वारा श्रीमती रश्मि ठाकुर को भारतीय किसान संघ की सदस्यता देकर ग्राम समिति बोतराई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं संगठन में और ग्राम की महिलाओं को जोड़ने के लिए कहा जिससे संगठन और आगे बड़ सके। दीपेश चौरसिया जी एवं एड.अंकित सिंह राजपूत जी को संगठन की सदस्यता दिलाई एवं संगठन में आगे बढ़ कर कार्य करने को कहा।



## भाजपा पथरिया मंडल की बैठक संपन्न

**पथरिया।** भाजपा पथरिया मंडल की बैठक आयोजित की गई। जिसमें लोकसभा चुनाव को लेकर मण्डल अध्यक्ष ललित पटेल ने संगठनत्मक कार्यक्रमों पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने हेतु निर्देशित किया और आगामी कार्यक्रम के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए,सभी ग्राम केंद्र एवं शक्ति केंद्रों की बैठक भी आयोजित करने का निर्णय लेते हुए कार्यक्रमों के प्रभारी भी तय किए गए। बैठक में भाजपा जिला मंत्री अरविन्द उपाध्याय ने नमो ऐप के माध्यम जनकल्याण की योजनाओं का प्रचार प्रसार करना है और नियमित रूप से मोदी जी के कार्यक्रमों को लेकर जनता के साथ संवाद करने की जानकारी दी। विधान सभा संयोजक देवी सिंह नंदरई ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने विधानसभा चुनाव के बाद अब मिशन 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू करना है। मण्डल प्रभारी महेन्द्र जैन ने कहा कि जिस तरह सबकी मेहनत से विधान सभा चुनाव में भाजपा की जीत हुई उसी तरह सभी को संगठित होकर प्रत्येक बूथ केंद्र पर संगठन के आगामी कार्यक्रमों के साथ को जनता से जुड़े और लोकसभा चुनाव में अपने बुथ को जिताने का संकल्प लें। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री राजेन्द्र समदरिया एवं आभार मंडल महामंत्री पुरषोत्तम खटीक ने व्यक्त किया। बैठक में सुकई दाऊ,नरेंद्र सराफ, देवेन्द्र बांकडा, झब्बू सिंह, लोकेन्द्र सीग, श्रीमति रत्ना नंदकिशोर चौरसिया, बृजेश पटेल, जगदीश पटेल, महेंद्र सीग, प्रीतम पटेल, टीकाराम सोनी,आशीष खरे, कुलदीप पटेल,नितिन अहिरवार की उपस्थिति रही।

## नवीन ईव्हीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार ई.व्ही.एम. मशीनो के नवीन वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयर हाऊस परिसर का भी जायजा लिया और वेयर हाऊस के संबंध में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी से जानकारी ली। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, राजनैतिक दलों के पदाधिकारी, वेयर हाउस इंचार्ज सहायक कोषालय अधिकारी ज्ञानेश्वर मांडवी, निर्वाचन पर्यवेक्षक सहित अन्य अधिकारियों/ कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर नये वर्ष के अवसर पर पहुंचे वृद्धाश्रम



**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल नये वर्ष के अवसर पर वृद्धाश्रम पहुंचे, यहां उन्होंने वृद्धजनों की समस्याओं को सुना और आश्रम मे चल रहे नये कार्यो का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को वृद्धजनों की समस्याओं का निराकरण करने एवं जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने वृद्धों को शाल उड़ाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दमोह अर्पित वर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले वासियों को नये वर्ष की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा वृद्धाश्रम में काफी सारे काम चल रहे है, इनमे जो कमिया रह गई है, उनकी जल्द से जल्द पूर्ती करने के लिये कहा है। नये वर्ष के दिन वृद्धों का आर्शीवाद भी मिल जाये यह भी कोशिश रही।

## खबर संक्षेप

### ट्रांसपोर्टर की बैठक आज

**दमोह।** पुलिस कंट्रोल रूम में कलेक्टर मयंक अग्रवाल की मौजूदगी में ट्रांसपोर्टर की बैठक आज 03 जनवरी दिन बुधवार को प्रातः 11 बजे से पुराना पुलिस कंट्रोल रूम जेल भवन के पास रखी गई हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि इस आयोजित बैठक में सभी ट्रांसपोर्टस को आमंत्रित किया गया हैं।

### सर्वजन न्याय मंच के राष्ट्रीय महासचिव बने पं सुरेश उपाध्याय

**बनवार।** सर्वजन न्याय मंच नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन समिति पंडित शरद द्विवेदी जी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ महेश पटेल जी की सहमति से पंडित सुरेश उपाध्याय नोहटा जिला दमोह को सर्वजन मंच राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय एकता, समता, बंधुत्व, शील ,करुणा, कर्तव्य निष्ठा, सामाजिक सौहार्द्र, सामाजिक गरिमा, अनुशासन, प्रियता, सौम्यता, पीड़ित मानव की सेवा शोषण के विरुद्ध आवाज और न्याय दिलाने में आपकी भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए आपको यह जिम्मेदारी दी गई है। महा सचिव बनने पर मनोहर शर्मा, डी एल बडोनिया, दीपक अग्रवाल, डब्ल्यू गांगरा, शेरा जैन, आशीष जैन, शिवम मिश्रा, शेरा जैन, सहित बुद्धिजीवी समाजसेवियों के द्वारा हार्दिक बधाई दी ।

### पुतला दहन कर चेतावनी देते हुए ज्ञापन सौंपा, गाय-बछड़े की पूजा कर शुरू किया विरोध प्रदर्शन

# गो हत्या के विरोध में हिंदू जागरण मंच ने किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर में गोवंश की चोरी और धड़ल्ले से कसाई मंडी क्षेत्र में गोकशी की घटनाओं के विरोध में लगातार ज्ञापन प्रदर्शन के बावजूद नहीं लग पा रहा है यही वजह है कि नए साल में हिंदू संगठन इस मामले को लेकर पहले से ज्यादा आक्रामक नजर आए। पूर्व घोषणा के अनुसार अंबेडकर चौक पर हल्ला बोल प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया और प्रशासन को विभिन्न मांगों का ज्ञापन सोपा गया।

मंगलवार दोपहर हिंदू जागरण मंच के बैनर तले बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने मानस भवन अंबेडकर चौक पहुंचकर गाय बछड़े के साथ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और बाद में पुतला दहन करके एसडीएम को ज्ञापन सोपा गया। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी कृष्णा तिवारी और नित्या प्यासी सहित अन्य युवाओ का कहना था कि दमोह में बड़े पैमाने पर गौ हत्या हो रही है और पुलिस प्रशासन इस पर रोक लगाने में असफल साबित हो रहा है। जिससे इस अवैध कृत्य में संबंधितो की मिली भगत के आरोप भी खुलकर लगाए जाने लगे है।

देर तक चले नारेबाजी विरोध प्रदर्शन के बाद पुतला दहन करके एसडीएम आरएल बागड़ी को विभिन्न मांगों का ज्ञापन चेतावनी दी गई थी, प्रशासन में इस



संवेदनशील मामले में जल्द सख्त कदम नहीं उठाए तो हिंदू जागरण मंच प्रबल जन आंदोलन करने को मजबूर रहेगा। यहा पर उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी हिंदू जागरण मंच सहित विभिन्न संगठन पुलिस प्रशासन को गोकशी के हालात से अवगत कराते, सूचना देते रहे हैं लेकिन कार्रवाई करने के लिए पहुंचने वाली पुलिस टीम को मौके पर कुछ नहीं मिलने से कतिपय पुलिस अधिकारी कर्मचारी की कसाइयों से मिली भगत के आरोप भी लगते रहे है।

हिंदू जागरण मंच के हल्ला बोल प्रदर्शन के दौरान काफी संख्या में पुलिस बल के साथ एएसपी संदीप मिश्रा, सीएसपी अभिषेक तिवारी, TI कोतवाली आनंद सिंह की मौजूदगी रही। सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। पुलिस पर मिलीभगत के आरोप लग रहे हैं उसकी भी जांच कराई जायेगी।

#### मांगों का ज्ञापन सौंपा

दमोह पुलिस और प्रशासन से हिन्दू जागरण मंच, सुरभी गौ सेवा समिति और सामाजिक संगठन निम्न विंदुयो पर अगले 15 दिनों में कार्य करने की मांग की है कि आपराधिक रिकॉर्डधारी कसाइयों पर जिलाबदर के तहत कार्यवाही हो। दमोह पुलिस के भ्रष्ट पुलिस कर्मियों और अधिकारियों की जाँच कर व इनकी सीडीआर रिपोर्ट निकालकर गलत पाए जाने पर कठोर कार्यवाही हो। कोतवाली में पदस्थ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों व इनके परिवारजनों की आर्थिक और चल अचल संपत्ति की जाँच हो।

कसाईमंडी के समस्त अवैध बूचड़खाने और गौ हत्या करने वाले कसाइयों के अतिक्रमण ध्वस्त किए जाएं। कसाई मंडी में निगरानी हेतु मुख्य मार्गो पर सीसीटीव कैमरे लगाएं जाएं। कसाई मंडी एक बड़ी रेड कर घर घर की जांच की हो। एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया के द्वारा पूर्व कलेक्टर को मीटिंग ऑफ मिनट्स के विंदुयो पर कड़ाई से पालन। राजपुरा के जंगलों से ट्रक कंटेनर से हो रही गौ तश्करी और गौ तशकरो पर कठोर कार्यवाही व गौ तश्करी में पकड़े गए वाहनों को राजसात किया जाए। गौ हत्या के एवज में पैसे वसूल रहे पुलिस कर्मियों और अधिकारियों को जिले से बाहर अन्य जिले में तत्काल ट्रांसफर किया जाए।

जिले में शासकीय सहायता से संचालित हो रही गौशालाओं का निरीक्षण कर उनमें हो रही वित्तीय अनिमितताओं पर कठोर कार्यवाही की जाए। दमोह जिले की समस्त गौचर भूमियों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए। पुलिस कार्यवाही में पकड़ी गई गौ वंश को तुरंत गौशालाओं में भेजने हेत एक गौशाला और वाहन उपलब्ध कराया जाए। खुले में और बाजार क्षेत्र में आवारा घूम रहे गौवंश के मालिकों पर कठोर चलानी कार्यवाही की जाए। अगर उक्त मांगो को निश्चित समयावधि में पूर्ण नही किया जाता, तो दिनाँक 23 जनवरी 2024 दिन मंगलवार को दमोह बंद और आत्मदाह जैसे कदम उठाने पर मजबूर होगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## दूसरे दिन भी थमे रहे पहिये, कलेक्टर ने कहाः जरूरत की सभी सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नये कानून के विरोध में हडताल कर रहे ड्राईवरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। बसों ट्रकों के पहिये थमने से जहां आवागमन में परेशानी हुई तो वहीं दूसरी ओर शहर में कई ऑटो चालकों व मालवाहक चालकों ने भी अपने वाहन नहीं चलाये जिससे आमजन होते रहे। पेट्रोल की कमी होने की संभावना के चलते पंपों पर भीड़ भाड बनी ही। दूसरे दिन चालकों ने प्रदर्शन नहीं किया लेकिन वह काम पर भी वापिस नहीं लौटे। आज भी हड़ताल जारी रहेगी। बस संचालकों ने भी चालकों की मांगो को जायज ठहराया है। आवश्यक सामग्री की कमी की अफवाहों को लेकर कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने बस और ट्रक ड्राइवर की हड़ताल के चलते सभी जगह व्यवस्थाएं सामान्य कर ली गई हैं। दमोह जिले में पेट्रोल, डीजल, दूध, सब्जी एवं फल का स्टॉक पर्याप्त है, इनके आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है। थोड़े बहुत जो इश्यूज थे, उन्हें रिजॉल्व कर लिया गया है। जो टैंकर मुख्य रूप से सागर और जबलपुर जिले से आते हैं, उनके साथ में भी पुलिस कोऑर्डिनेट कर रही है, टैंकर्स लगातार आ रहे हैं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले वासियों से आग्रह करते हुए कहा है कि सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है, अनावश्यक रूप से पेट्रोल-डीजल या किसी अन्य चीज की स्टॉकिंग ना की जाए, जिससे शॉर्टिंग का भ्रम हो।

## चालकों पर काला कानून थोपना न्याय संगत नहीं: टंडन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



हिट एवं रन को लेकर हड़ताल कर रहे ट्रक बस ड्राइवर की हड़ताल को स्थानीय बस स्टेण्ड पर ड्राईवरो के बीच जिला कांग्रेस कमेटी ने अपना सर्मथन देते हुए पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि यह काला कानून केवल ट्रक बस ड्राइवरो के लिये नही है बल्कि वह सभी व्यक्ति जो कोई न कोई वाहन चला रहे है अथवा निजी ड्राइवरो से चलवा रहे है उन सबसे लिये है जनता के हित में यह काला कानून अविलंव वापिस लिया जाये। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि अहंकारी मोदी ने पहले किसानो पर काला कानून लगाया नोटबंदी की, अब वाहन चालको पर ऐसे काले कानून थोपना न्याय संगत नहीं है इन चालको के साथ कांग्रेस पाटी खड़ी है केन्द्र द्वारा थोपे गये काले कानून को वापिस करवा कर रहेगे। वही वाहन चालको ने बताया कि जिस तरह 7 लाख का जुर्माना और दस वर्ष की सजा का फरमान जारी हुआ है उससे तो कोई भी व्यक्ति लालच के चक्कर में उनसे जानबूझकर टकरायेगा गरीब वाहनो चालको पर ऐसे काले कानून को थोपा गया तो वह अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जायेगे और कोई भी वाहन नहीं चलने देगे। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारी प्रफुल्ल श्रीवास्तव, अरूण मिश्रा, अजय सरवरिया, रोहित जैन, रिंकू, संदीप बरदिया, राजा खान, रियाज खान, सादिक काजी, दामोदर पटेल, लोकेन्द्र सिंह सहित सैकड़ो वाहन चालको की उपस्थिति रही।

### अतिथि शिक्षकों का 4-5 माह से मानदेय बकाया

**दमोह।** पथरिया ब्लॉक के अतिथि शिक्षकों का मानदेय जुलाई-अगस्त माह से व जिले के अन्य सभी ब्लॉकों का अक्टूबर माह से मानदेय बकाया है। इस संबंध में जिलाधीश महोदय एवं जिला शिक्षा अधिकारी महोदय को दिनांक- 28/11/23 व 15/12/23 को आवेदन दिया गया था, परंतु आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई, 4-5 माह से मानदेय भुगतान न होने के कारण आर्थिक तंगी से जूझ रहे अतिथि शिक्षक परिवारों पर भरण-पोषण का संकट बना हुआ हैं। उन्होने ज्ञापन सौंपकर अतिशीघ्र मानदेय भुगतान कराने की कृपा करें। इस दौरान प्रदेश संयोजक पवन प्यासी, प्रवीण पाठक, सूरत सिंह, रोहित व्यास, मिथलेश तिवारी, दीपक पारासर, धर्मेन्द्र सेन, शैलेंद्र चौरसिया, तुलसीराम साहू, चेतन सिंह चंदेल, रजेश सिंह लोधी, तरबर सिंह ठाकुर, देवेन्द्र चौधरी, मनोरमा, सीमा नामदेव, कृष्णा मिश्रा, दीप्ति असाटी, संध्या असाटी, प्रीति बाला दुवे, शीवा परवीन, मालती ठाकुर, वर्षा श्रीवास्तव, मालती साहू आदि उपस्थित रहे।

### कंट्रोल रूम स्थापित

**दमोह।** कलेक्टर कार्यालय दमोह में आवश्यक वस्तुओं के मिलने में किसी जगह परेशानी हो तो स्थापित कंटोल रूम के नम्बर 07812-350300 पर कॉल किया जा सकता है। यह नंबर प्रातः 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक कॉल रिसीव करेगा। इसके उपरांत शिकायत इसी नम्बर पर व्हाट्एप पर की जा सकेगी।

### राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कार्यभार ग्रहण किया



**बनवार।** जबरा विधायक एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने भोपाल वल्लभ भवन में पूजा अर्चना कर संस्कृति पर्यटन एवं धार्मिक न्यास धर्मस्व मंत्रालय का कार्य भार ग्रहण किया है। इस अवसर पर मंत्रालय के सचिव अन्य अधिकारियों सहित उनके सहयोगियों धर्मपत्नी पुत्र पुत्री दोनों भाइयों की मौजूदगी रही। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री लोधी ने मंत्रालय के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक दमोह राहुल सिंह लोधी, मनदीप यादव सहित उनके सहयोगियों ने मंत्रालय का कार्यभार संभालते ही पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए शुभकामनाएं दी।

## जनसुनवाई में 35 आवेदन आये



**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कलेक्ट्रेट परिसर के नवीन कक्ष में शहर एवं दूरस्थ अंचलों से आये आमजन की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। आज जनसुनवाई में 35 आवेदन आये। इस अवसर पर जिलाधिकारियों ने सहभागिता निभाई।

## जन सहयोग से बनाई गौ शाला



**दमोह।** ग्राम बांसा कला सजियाहार में मां हरसिद्धि मंदिर स्टेडियम के पीछे गौशाला का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्यप्रदेश शासन के पुत्र लोकेन्द्र पटेल और सरपंच यतेन्द्र सिंह बांकड़ा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। गौ शाला ग्राम बांसा कलां सजियाहार का उद्देश्य हैं, ग्राम में जो आवारा पशु घूमते हैं, उनको गौशाला में रखा जाएगा, गौशाला में पानी, भूसा, आदि घूमने बैठने की व्यवस्था लोगों के जन सहयोग से की गई हैं। गौ शाला में सिर्फ ग्राम बांसा कलां, सजियाहार के पशुओं को रखा जायेगा। गौ शाला में किसी अन्य ग्राम शहर के पशुओं को गौ शाला में नहीं लिया जायेगा। गौ शाला में पशु लाने पर 251 रुपये की राशि दान के रूप में गौ माता के साथ जमा करनी पड़ेगी। गौ शाला में गौ सेवा करने के लिए 1000 रूपये की नगद राशि और गर्मी के समय एक ट्रॉली भूसा गौ शाला में दान करना पड़ेगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## लायंस क्लब ऑफ इंटरनेशनल के एक और नये क्लब का शुभारंभ




**दमोह।** "लायंस क्लब दमोह दमयंती" के शपथ ग्रहण समारोह में 20 नए सदस्यों ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ शैलेश अग्रवाल एवं वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ सुधीर जैन के तत्वाधान में शपथ ग्रहण ग्रहण ली। नए क्लब के अध्यक्ष ला. राजू बुधवानी सचिव ला. दिलीप जैन कोषाध्यक्ष ला.अधीर पांडे ने जिम्मेदारियां ली, नये सदस्य के रूप में राजेंद्र सिंह बग्गा (तज्जी), गौरव जैन, आलोक असाटी, राजेश जैन (सन्मति), सनमीत जुनेजा, अक्षय सचदेव, कपिल खरे, अभिषेक जैसवाल, अमनप्रीत सिंह जुनेजा, शैलेन्द्र सिंघई (रिंकू), बृजेंद्र राठौर, राहुल सुरेका, चरणजीत सिंह वाधवा (शानू), कविश ताम्रकार, दीपक अग्रवाल, मदन अरोरा, अरुण जैन (गुजराती) ने शपथ ली। लायंस क्लब दमोह की ओर से सुशील गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल और कैप्टन वाधवा ने सफल संचालन किया। लायंस क्लब दमोह के अध्यक्ष ला.सुधीर असाटी, ला.हरि पालीवाल, ज़ोन चेयरपर्सन ला निशांत चौरसिया ने सभी का आभार माना।

# अफवाह के चलते पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



देश में लागू हुए नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ ट्रांसपोर्ट और ट्रक ड्राइवर हड़ताल पर चले जाने के कारण मंगलवार को नगर में हड़ताल का भरपूर असर दिखाई दिया जिसके चलते नगर में संचालित पेट्रोल पंप पर सुबह से लेकर शाम तक पेट्रोल लेने लंबी-लंबी लाइने लगी रही। वहीं पेट्रोल पंप संचालक व्यवस्था बनाने में असमर्थ दिखाई दिए पेट्रोल प्राप्त करने की लाइन में लगे आम लोगों का कहना है कि प्रशासन इस पर जल्दी से जल्दी कार्यवाही करें। अगर बस और ट्रक चालकों की हड़ताल कई दिनों तक चलती रही तो स्थिति बिगड़ सकती है। इसी के साथ बस स्टैंड में यात्रियों को पैदल सफर करते यहां वहां भटकते हुए दिखाई दिए वहीं ऑटो चालक वाहन चालकों की हड़ताल से सवारियों से मोटी रकम वसूलने का भरपूर फायदा उठा रहे हैं। वही नगर के अग्रवाल पेट्रोल पंप के अलावा अन्य पेट्रोल पंप पर मंगलवार की सुबह से लेकर शाम तक दो पहिया वाहन चालक टंकी फुल करवाते देखे गए। लेकिन नगर के अन्य पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा एहतियात बरसते हुए एक निश्चित मात्रा में लोगों को पेट्रोल दिया जा रहा है चार पहिया ज्यादातर वाहनों के खड़े होने की वजह से डीजल की मांग कम है लेकिन दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहनों के संचालित होने की वजह से लोगों द्वारा पेट्रोल की मांग की जा रही है। अग्रवाल पेट्रोल पंप संचालक गुड्डा अग्रवाल ने बताया कि पेट्रोल की कमी बिल्कुल भी नहीं है इसके पास स्वयं की टैंकर व चालाक हैं उनके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा नरयावली सागर से पेट्रोल पंप तक आने-जाने की व्यवस्था कराई जा रही है जिससे पेट्रोल की कमी ना हो पेट्रोल की कमी व पेट्रोल न मिलने की ऐसी कोई वजह नहीं है किसी भी प्रकार से पेट्रोल की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

#### ट्रैकों की हड़ताल से जरूरी चीजों के दाम बढ़ाने की संभावना-

वाहन चालकों की यह हड़ताल का आम आदमी पर सीधा असर देखने को मिलेगा ट्रैकों की हड़ताल होने से दूध सब्जी और फलों की आवक नहीं होगी और कीमतों पर इसका सीधा असर देखने को मिलेगा वहीं पेट्रोल डीजल की सप्लाई रुक जाएगी जिससे लोकल ट्रांसपोर्ट और आम लोगों की आवाजाही में दिक्कत होगी। हर दिन जो जरूरत का सामान एक शहर से दूसरे शहर ट्रांसपोर्ट करते हैं हड़ताल के कारण इतनी बड़ी संख्या में ट्रैकों के रुकने से जरूरी चीजों की किल्लत हो सकती है।

प्ररूप छ -3
(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम, 1962 के नियम 49 - ग ( 3 ) के अंतर्गत)
सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप
कार्यालय-रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कृषि विभागीय साख सहकारी समिति मर्यादित दमोह
जिला दमोह पंजी. क. 816 दिनांक 20.02.2017

क्रमांक / नि.अ. **सूचना** दिनांक 01.01.2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसाइटी के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन दिनांक... को साधारण सम्मिलन / विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है ।

अतएव, सोसाइटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप/ सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटीयें कार्यालय, संबंधित विकास खण्ड कार्यालय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा के सूचना पटल पर दिनांक 01.01.2024 को किया गया है । यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सोसायटी कार्यालय कृषि विभागीय साख सहकारी समिति मर्यादित दमोह में प्रबंधक श्री प्रहलाद शर्मा को दिनांक 01.01.2024 से दिनांक 08.01.2024 तक सोसायटी कार्यालय में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं । प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 09.01. 2024 को 2:00 पी. एम. बजे से किया जायेगा ।

आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थिति हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिश: सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा ।

( उमेश कुमार खटीक ) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
कृषि विभागीय साख सहकारी समिति मर्यादित दमोह